राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव के निधन पर अपनी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 11 नवम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने हिन्दी, संस्कृत तथा पालि–प्राकृत के प्रकांड विद्वान एवं मूर्धन्य साहित्यकार आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि साहित्य की समस्त विधाओं में अपने भावपूर्ण और वैचारिक लेखन के माध्यम से स्व॰ सूरिदेवजी ने मानव–समाज को स्वस्थ दिशा और दृष्टि प्रदान की। अपने सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी चिन्तनपरक साहित्यिक अवदानों से उन्होंने भारतीय वाङ्गमय को समृद्ध बनाया। उनके निधन से भारतीय साहित्य को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके समस्त परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

ज्ञातव्य है कि विगत 28 अक्टूबर, 2018 को इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा पटना में आयोजित ''संस्कृति से संवाद श्रृंखला'' कार्यक्रम के अन्तर्गत श्रीरंजन सूरिदेव को सम्मानित किया गया था, जिसमें महामहिम राज्यपाल शामिल हुए थे एवं उसीदिन कार्यक्रम के बाद सीधे साईं अस्पताल (कंकड़बाग, पटना) जाकर गंभीर रूप से बीमार चल रहे श्रीरंजन सूरिदेव जी से मुलाकात कर उन्हें प्रतीक–चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया था।

....